(नियम 26)
अदालत संभागीय आयुक्त, मुकाम,जयपुर।

मैसर्स नेटिव लैण्ड प्रोपट्रीज प्रा.लि. / श्यामलाल

किस्म मुकदमाः— अपील धारा 75 भू राजस्व अधिनियम नम्बरः 2023 / 186

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.06.23	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलान्ट उपस्थित उन्होने कथन किया है कि हस्तगत अपील न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम जयपुर को पेश होनी थी लेकिन सहवन से न्यायालय श्रीमान् के समक्ष पेश कर दी गई थी इसलिये उक्त अपील न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम जयपुर में पेश करने हेतु वापस लौटाई जावें। हमने पत्रावली का अवलोकन किया जिससे जाहिर होता है कि हस्तगत अपील न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम जयपुर से सम्बन्धित है जो सहवन से न्यायालय हाजा के समक्ष प्रस्तुत की गई जिस पर न्यायालय हाजा स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने के कारण अपीलार्थी के अधिवक्ता को अपील वापस लौटाई जावें एवं न्यायालय हाजा के स्तर से पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। आदेश सुनाया गया। (अन्तरसिंह नेहरा) संभागीय आयुक्त जयपुर। संभागीय आयुक्त जयपुर	